हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 20 अक्टूबर 2024

04 छात्रों ने नारियल पर वैज्ञानिक प्रयोग में...

07 नो पार्किंग में खड़ी बाइकें लगा रही जाम, सड़कों पर...

खबर संक्षेप

राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई

सागर। कलेक्टर संदीप जी आर के आदेश एवं देवरी एसडीएम भव्या त्रिपाठी के निर्देशन में राजस्व विभाग और खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई की गई । निरीक्षण के दौरान देवरी बस स्टैंड पर चौरसिया होटल पर साफ सफाई का अभाव पाया गया, कोल्ड ड्रिंक की एक्सपायरी डेट की 52 बोतल विभिन्न मात्राओं की फ्रीजर में रखी पाई गई जिन्हें मौके पर नष्ट कराया है। शंका के आधार पर अमचूर चटनी एवं रसगुल्ला के नमूने संग्रहित किए गए साथ ही साफ सफाई एवं अन्य मानक के पालन करने हेतु सुधार सूचना का नोटिस जारी किया गया।

जन समस्या निवारण शिविर हुआ आयोजित

गढ़ाकोटा। ग्राम बलेह में शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया । शिविर में अनुविभागीय अधिकारी गोविंद दुबे, गढ़ाकोटा तहसीलदार ऋषि गौतम की मौजूदगी में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कई लोगों की समस्याओं का मौके पर निराकरण भी किया गया। गांव की एक बस्ती में नल जल योजना की पाइपलाइन डालने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। तीन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री किसान योजना के पैसे मिलना आरंभ किए गए । किसान प्रमोद पिता कमल चंद्र जैन का नामांतरण किया गया । 52 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। शिविर में विभिन्न विभागों की अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

विभागीय पुरस्कारों हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। महिला एवं बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा मध्यप्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों के क्षेत्र में समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता व साहसिक कार्यों के लिए व्यक्तिगत/संस्थागत श्रेणी में वर्ष 2024 के लिए 06 राज्य/जिला स्तरीय विभागीय पुरस्कारों हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा महिलाओं और बच्चों को उत्पीड़न से बचाने, उनके पुनर्वास में योगदान व बाल विवाह, दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों को रोकने का साहसिक कार्य करने आदि क्षेत्र में महिला अथवा बालिका हेतु रानी अवन्ति बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार जिसकी पुरस्कार राशि 1 लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवम्बर है।

जिला स्तरीय गतिविधियां सम्पन्न

सागर। सागर जिला अंतर्गत संचालित पीएमश्री विद्यालयों के छात्र/छात्राओं की जिला स्तरीय गतिविधियों का जिला स्तर पर शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि. सागर में आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्तर विद्यालयों से आये विद्यार्थियों में से (1) विद्या वैभव में प्रथम स्थान पर सादाब बेहना शास. मा.शाला सिमरिया नायक, द्वितीय स्थान पर ओमप्रकाश पटेल शास. मा.शाला राखसी तृतीय स्थान प्रशांत राजपूत शास. उ.मा.वि. बरारू तथा चंचल राजपूत शास. उ.मा.वि. मसुरहाई ने प्राप्त किया। (2) मंथन मंडल वाद-विवाद में प्रथम स्थान पर आकांक्षा कुर्मी शास. उ.मा.वि. खिमलासा, द्वितीय स्थान पर सपना कुशवाहा शास. उ.मा.वि. खिमलासा, आनम खान शास. उ.मा.वि. बरारू एवं तृतीय स्थान पर संजना राजपूत शास. कन्या उ.मा.वि. ललिता शास्त्री खुरई (3) डिजिटल क्वेस्ट में प्रथम स्थान जया मिश्रा शास. कन्या उ.मा.वि. ललिता शास्त्री खुरई, द्वितीय स्थान पर पुष्पेन्द्र लोधी शास. हाईस्कूल मढ़ी जमुनिया, तृतीय स्थान पर रामसेवक शास. हाईस्कूल गौहर, नेहा लोधी शास. हाईस्कूल मढ़ी जमुनिया स्थानीय स्थलों को जाने में प्रथम स्थान पर प्रिंस राजपूत शास. उ.मा.वि. खिमलासा, द्वितीय स्थान पर नंदिनी राय शास. उ.मा.वि. खिमलासा एवं तृतीय स्थान पर हर्षिता चौहान हाईस्कूल पढ़रपुर ने प्राप्त किया।

सगे भाई ने दुष्कर्म कर की थी नाबालिग की सिर काटकर हत्या

हाईकोर्ट ने पलटा सागर जिला अदालत का फैसला फांसी की जगह सुनाई 25 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले के बंडा तहसील में 2019 में 11 साल की बच्ची से गैंगरेप के बाद उसकी गला काटकर हत्या के आरोपी सगे भाई रामप्रसाद अहिरवार और बंसीलाल अहिरवार को जिला कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई गई। इस सजा को जबलपुर हाईकोर्ट में चुनौती दी गई जिस पर शुक्रवार को सुनवाई हुई और कोर्ट ने बंसीलाल को दोषमुक्त कर दिया गया। जबकि रामप्रसाद अहिरवार की फांसी की सजा को 25 साल में बदल दिया गया। जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस देव नारायण मिश्रा की युगलपीठ ने सागर अंतर्गत बंडा में मासूम बहन से दुष्कर्म के बाद सिर काटकर जघन्य हत्या के बहुचर्चित मामले में जिला सत्र न्यायालय के फैसले को पलट दिया है।

हाई कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि यह मामला दुर्लभतम मामलों की श्रेणी में नहीं आता है, जहां अपीलकर्ता को केवल मृत्युदंड ही दिया जाना उचित है। इस मामले में आरोपी चाची सुशीला अहिरवार को कोर्ट ने बरी कर दिया गया है। आरोपी नाबालिग दो भाइयों की सुनवाई किशोर न्यायालय में लंबित है। मार्च 2019 में बंडा के अपर सत्र न्यायाधीश उमाशंकर अग्रवाल ने यह फैसला सुनाया था। हाईकोर्ट में सुनवाई हुई और कोर्ट ने बंसीलाल को दोषमुक्त कर दिया गया जबकि रामप्रसाद अहिरवार की फांसी की सजा को 25 साल मेंबदल दिया गया। सीनियर एडवोकेट मनीष दत्त ने बताया कि आरोपी

रामप्रसाद पेशेवर हत्यारा नहीं है, और यह उसका पहला अपराध है। इससे पहले वह कभी भी किसी भी आपराधिक मामले में लिप्त नहीं था, इसलिए उसे आदतन अपराधी नहीं माना जा सकता है।

अधिवक्ता मनीष दत्त ने कोर्ट के सामने दलील दी कि जिला सत्र न्यायालय सागर ने इस मामले को विरल से विरलतम श्रेणी में रखकर मृत्युदंड जैसा अपेक्षाकृत कठोर फैसला सुना दिया। इस पूरी सुनवाई के दौरान सरकारी वकील मृतिका की वास्तविक आयु सिद्ध करने में भी विफल रहा है। आरोपित व्यक्ति के माता-पिता की मजदूर पृष्ठभूमि से आते हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया था। वह समाज में मजदूर वर्ग से आता है, इसलिए उसकी सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि, शिक्षा के स्तर को ध्यान में रखते हुए सजा बदली गई है। सीनियर एडवोकेट मनीष दत्त ने बताया कि आरोपी रामप्रसाद पेशेवर हत्यारा नहीं है, और यह उसका पहला अपराध है, इससे पहले वह कभी भी किसी भी आपराधिक मामले में लिप्त नहीं था।

यह था मामला : बच्ची की सिर कटी लाश मिली थी

घटना सागर जिला के बंडा में 13 मार्च 2019 की हुई थी। 14 मार्च को बच्ची के पिता ने बंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, उसकी बेटी को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया। तलाशी के दौरान बेरखेड़ी मौजाहार में बच्ची की सिर कटी लाश मिली। बच्ची का सिर व धड़ अलग-अलग मिले थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत केस दर्ज कर जांच की। वहीं, शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा गैंगरेप की पुष्टि की गई। इस पर मामले में धारा 376, 377 भादवि एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं।

आरोपियों ने बच्ची के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद हंसिया से गला काटकर हत्या कर दी गई। बंडा थाना प्रभारी ने जांच रिपोर्ट जिला कोर्ट के समक्ष पेश किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण को विरले से विरलतम श्रेणी में माना गया। इस आधार पर आरोपी रामप्रसाद अहिरवार को धारा 363, 366, 201 में 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास व 1000-1000 रुपए जुर्माना एवं धारा 376 (घ) (ख), 302 में दोषी करार देते हुए मृत्युदंड से दंडित किया व आरोपी बंशीलाल अहिरवार को धारा 201 भादवि में 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए जुर्माना, 376 (घ) (ख), 302 भादवि में दोषी बताते हुए मृत्युदंड सुनाया।

विश्वविद्यालय में मध्य क्षेत्र अंतरविश्वविद्यालयीन युवा उत्सव 2024 का आयोजन 26 नवम्बर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघनई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में मध्य क्षेत्र अंतरविश्वविद्यालयीन युवा उत्सव 2024-25 'गौर-गौरव उत्सव' का आयोजन 26 से 30 नवम्बर 2024 तक डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में आयोजित किया जा रहा है।

आयोजन में देश के लगभग 70 से अधिक विश्वविद्यालयों की सह भागिता होगी और 1500 से अधिक प्रतिभागी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। गौरतलब है कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के निर्देशन एवं संयोजन में प्रत्येक वर्ष जोनल युवा उत्सव देश के अलग-अलग विश्वविद्यालय में आयोजित किये जाते हैं। जिसमें विजयी प्रतिभागी और दल राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रतिभागिता के लिए चुने जाते हैं। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर को पहली बार मध्य क्षेत्र युवा उत्सव की मेजबानी मिली है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बताया कि हमारा विश्वविद्यालय, भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा के सहयोग से प्रथम राष्ट्रीय महिला संसद आयोजित करने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय है जो मार्च 2023 में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। इस बार मध्य क्षेत्र युवा उत्सव 2024 के आयोजन किया जा रहा है जो विश्वविद्यालय में पहली बार हो रहा है। विश्वविद्यालय के संस्थापक और महान दानवीर डॉक्टर सर हरीसिंह गौर के जन्म दिवस पर उन्हें नमन करते हुए पांच दिनों तक चलने वाले इस युवा उत्सव की शुरुआत होगी।

आयोजन समन्वयक डॉ. राकेश सोनी ने बताया कि 26 से 30 नवंबर तक चलने वाले इस युवा उत्सव में प्रतिभागिता के लिए मध्य क्षेत्र के सभी विश्वविद्यालयों को आमंत्रण पत्र भेज दिया गया है। प्रतिभागी विश्वविद्यालय ऑनलाइन आवेदन करेंगे।

युवा उत्सव में सांस्कृतिक रैली, संगीत, मिमिक्री, पोस्टर मेकिंग, क्लासिकल डांस, स्किट, वाद-विवाद, चित्रकारी, क्विज प्रतियोगिता, क्ले मॉडलिंग, फोटोग्राफी, डिबेट, समूह नृत्य, समूह गायन, कार्टूनिंग, रंगोली, कोलाज, मेहंदी, लोक वाद्य, लोक नृत्य सहित 28 विधाओं की प्रतियोगिताएं संपन्न होंगी। सभी प्रतिभागी विश्वविद्यालयों की टीम के आवास, भोजन की व्यवस्था विश्वविद्यालय में की जायेगी। भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा निर्धारित नियमों के तहत सभी प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी जिनमें अधिकृत निर्णायक मंडल द्वारा निर्णय किये जायेंगे। समस्त प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न आयोजन स्थलों पर आयोजित होंगे।

कलेक्टर ने किया स्कूल का निरीक्षण

सागर। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने घाटमपुर स्कूल पहुंचकर निरीक्षण किया। स्कूल की व्यवस्थाएं देखकर उन्होंने स्कूल प्रबंधन की सराहना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास शा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के बी अधिकारी मौजूद थे।कलेक्टर संदीप जी. आर. ने घाटमपुर स्कूल पहुंच कर वहां के बच्चों से पढ़ाई एवं विषय संबंधी जानकारी ली एवं मौके पर ही शिक्षक से बच्चों को अध्ययन भी कराया। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, स्वच्छता देखकर एवं बच्चों का शैक्षिक स्तर देखकर विद्यालय प्रबंधन की सराहना की।

विश्वविद्यालयः कम्प्यूटर साइंस के पांच छात्र यूजीसी नेट परीक्षा में सफल

सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के कंप्यूटर साइंस और एप्लीकेशन विभाग के एमसीए के छात्रों को महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। विभाग के पांच छात्रों रूचि जैन, अमन सिंह, राकेश राना, धनंजय त्रिपाठी, साक्षी पांडे ने यूजीसी नेट 2024 की परीक्षा उत्तीर्ण की है जो सहायक प्रोफ़ेसर के पद के लिए पात्रता प्रदान करती है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता ने इस सफलता पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विभाग के अथक प्रयासों का यह परिणाम है और भविष्य में आने वाले छात्र इस सफलता से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में यूजीसी नेट जैसी परीक्षाओं में सफल होंगे। विभागाध्यक्ष, डॉ. अभिषेक बंसल ने बताया कि यह पहली बार है जब इतनी संख्या में छात्रों ने नेट परीक्षा पास की। विभाग को गर्व है कि हमारे छात्र इस मुकाम पर पहुंचे है। इसके साथ ही कई अन्य छात्रों ने पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश में भी सफलता पाई है। यह विभाग के उत्कृष्ट शैक्षणिक तैयारी का प्रमाण है।

जाति प्रमाण-पत्र बनवाने समग्र आईडी होना अनिवार्य

सागर। लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनबाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे. वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनु सूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

सड़क किनारे चबूतरे पर बैठे युवक को कार ने मारी टक्कर, घटना का सीसीटीवी आया सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

संभागीय मुख्यालय सागर शहर में रात्रि में एक महंगी कार सड़क किनारे चबूतरे पर बैठे एक युवक टक्कर मारती हुई चली गई। उसको इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना तीनबत्ती तिराहे से कोतवाली थाने की ओर जाने वाले रास्ते पर हुई। सड़क किनारे चबूतरे पर बैठे मानसिक कमजोर व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर में व्यक्ति उछलकर जमीन पर जा गिरा। घटना में उसे सिर में गंभीर चोट आई है।

घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज सामने आते ही पुलिस ने मामला जांच में लिया है। घटना शुक्रवार रात करीब 12.50 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार तीनबत्ती से कोतवाली थाने की ओर जाने वाली घाटी पर बनारसी पान वाले के पास एक ज्वेलर्स की दुकान के ओटले पर मानसिक कमजोर व्यक्ति बैठा हुआ था। रात करीब 12.50 बजे तीनबत्ती तिराहे की ओर से काले कलर की थार गाड़ी आई और ओटले पर बैठे मानसिक कमजोर व्यक्ति को टक्कर मारते हुए तेज रफ्तार में निकल गई।

सीसीटीवी आया सामने

घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी में काले कलर की गाड़ी मानसिक कमजोर व्यक्ति को टक्कर मारकर भागते हुए दिख रही है। फुटेज में उसके पहले आटो रिक्शा भी आते जाते दिख रहे है। फुटेज सामने आते ही कोतवाली पुलिस ने मामला जांच में लिया है। घटना में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। इसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है ।कोतवाली पुलिस टक्कर मारकर भागी गाड़ी की तलाश के लिए क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

फुटेज में महंगी काले रंग की थार गाड़ी प्रतीत हो रही है। एएसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि ओटले पर बैठे व्यक्ति को कार से टक्कर मारने का वीडियो सामने आया है। वीडियो संज्ञान में लेकर मामले की जांच की जा रही है। घायल के बयान लेकर मामले में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सहायक समिति प्रबंधक को रिश्वत के मामले में सजा, सागर लोकायुक्त पुलिस ने पकड़ा था 5 हजार की रिश्वत लेते

सागर। न्यायालय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम आलोक मिश्रा जिला सागर ने रिश्वत के आरोपी विजय कुमार दुबे तत्कालीन सहायक समिति प्रबंधक को 4 साल की सजा और 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।अभियोजन के अनुसार 03 जून 2020 को आवेदक चंद्रभान सिंह द्वारा लोकायुक्त कार्यालय सागर में शिकायत की गई कि इसने खरीदी केंद्र साइखेड़ा में 79 क्विंटल चना की तलाई कराई थी जिसकी पक्की रसीद देने के एवज में विजय दुबे द्वारा 70 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से रिश्वत की मांग की जा रही है । तस्दीक उपरांत मांग के अनुक्रम में ट्रैप 04 जून 2020 को ट्रैप कार्यवाही के दौरान लोकायुक्त पुलिस के द्वारा आरोपी को आवेदक से 5000 रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया। समस्त कार्यवाही एवं विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत शुक्रवार को पारित निर्णय में आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 7 पीसी एक्ट में 04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के चुनाव में मतगणना उपरांत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव का परिणाम घोषित

अध्यक्ष पद पर हरेंद्र खटीक, उपाध्यक्ष पद पर शकुन गोस्वामी एवं सचिव पद पर माधव चढ़ार निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शनिवार 19 अक्टूबर को नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव पद के निर्वाचन में मतगणना उपरांत परिणाम घोषित किए गए । नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के संरक्षक पंडित माधव प्रसाद कटारे एवं निर्वाचन अधिकारी पूरन लाल अहिरवार ने बताया कि निगम सभाकक्ष में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक कुल 485 कर्मचारियों में से 459 कर्मचारियों ने मतदान किया। उसके बाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव पद के निर्वाचन की मतगणना की गई । जिससे अध्यक्ष पद पर हरेंद्र खटीक, उपाध्यक्ष पद पर शकुन गोस्वामी, एवं सचिव पद पर माधव चढार निर्वाचित हुए।अध्यक्ष पद पर हरेंद्र खटीक को 241, रामेश्वर चौबे को 80, अखिलेश शुक्ला को 79 प्रदुम्न मिश्रा को 51 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर शकुन गोस्वामी को 269 संजय रैकवार को 179मत एवं सचिव पद पर माधव चढार को 332 मत, राजेश जाटव को 117 मत प्राप्त हुए एवं 10 मत निरस्त हुए । नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के संरक्षक पंडित माधव प्रसाद कटारे एवं निर्वाचन अधिकारी पूरन लाल अहिरवार ने विजयी हुए कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

---

50 हजार नकद, बंदी व अन्य दस्तावेज चोरी, नगर के मेनरोड पर हुई घटना

खाद लेने आए किसान की बाइक का कीहोल जाम किया, कपड़े गंदे किए और बैग ले उड़े

इन दिनों देवरी नगर में नजर हटी और दुर्घटना घटी की तर्ज पर घटनाये देखने को मिल रही है, विगत शुक्रवार को अज्ञात चोरों ने कोपरा ग्राम से खाद लेने आये किसान को निशाना बनाया और उसके साथ शरारत कर उसकी बाइक पर टंगा रूपयों से भरा बैग लेकर चंपत हो गये।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत कोपरा ग्राम के निवासी रूपसींग लोधी पेशे से कृषक है जो शनिवार को अपने एक साथी के साथ खाद लेने के लिए देवरी आये थे। इसी दौरान वह खरीददारी करने के लिए बस स्टेण्ड पहुँचे और दूकानों से सामान खरीदा जिसके चलते वह चोरों के निशाने पर आ गये और चोरों ने सुनियोजित तरीके से उन्हे परेशान कर उनका रूपयों से भरा बैग चोरी कर लिया जिसमें 50 हजार रूपये नकद बैंक पासबुक एवं जमीन की बंदी सहित अन्य जरूरी कागजात थे।

उन्होने बताया चोरों द्वारा बस स्टेण्ड मार्केट से उनका पीछा किया गया था, 3 युवकों द्वारा सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया गया है। पहले एक लड़के ने उनके साथी की शर्ट पर पीछे से एक सालूशन डाल कर गंदा कर दिया गया। बाद में दूसरे युवक द्वारा उन्हे बताया गया और साफ करने की नसीहत दी गई। इसके बाद में एक युवक द्वारा उनकी बाइक के कीहोल में क्विक फिक्स जैसा कोई लिक्वड डालकर जाम कर दिया गया। जब वह बाईक स्टार्ट करने में परेशान हो रहे थे तो उन्ही युवकों ने उन्हे बाइक सुधरवाने के लिए मिस्त्री की दूकान पर जाने की सलाह दी और उनके साथ मिस्त्री की दूकान तक गये। कृषक रूपसींग ने बताया कि नगर के मुख्य मार्ग स्थित कल्लू की दूकान पर युवक उनके साथ थे जब वह बाइक ठीक करने लगे तो मौका पाकर उनमें से एक रूपये का बैग लेकर चंपत हो गया।

सीसीटीवी कैमरे में चेहरों की शिनाख्त

घटना की पूरी वारदात सामने की दूकान में लगे सीसीटीव्ही कैमेरे में दर्ज हुई है, साथ ही बस स्टेण्ड की अन्य दूकानों से मिले फुटेज में उक्त युवको की गतिविधिया कैद हुई है। मामले में पीड़ति द्वारा थाना पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

पूर्व में भी आया था ऐसा प्रकरण

नगर में चोरी की ऐसी घटनाये पूर्व में भी सामने आ चुकी हैं। नगर के स्टेट बैंक के समीप शिक्षा सदन चौराहे पर इसी प्रकार की ट्रिक अपनाकर उसके रूपये चोरी किये जाने का मामला लगभग 3 वर्ष पूर्व सामने आया था। मौजूदा घटनास्थल के सामने रजनीश जनरल स्टोर्स से विगत वर्ष अज्ञात चोर द्वारा दूकान में रखे फोन की चोरी की घटना सामने आई थी परंतु उक्त मामले में आज दिनांक तक कोई पड़ताल सामने नही आई है।

निगमायुक्त खत्री ने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने हेतु विशेष सफाई करने के निर्देश दिए

सागर। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने प्रातः नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और दीपावली जैसे प्रमुख त्यौहार के समय में नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए क्योंकि इस समय घरों से भारी मात्रा में कचरा निकलता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कचरे को इधर-उधर फेंकने की बजाय कचरा गाड़ी में डालें और नगर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने जोन प्रभारियो और वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया कि दीपावली के मद्देनज़र नगर में कचरे की मात्रा बढ़ जाती है, क्योंकि लोग अपने घरों की सफाई करते हैं और सजावट की तैयारी करते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए नगर के बाजारों, गली-मोहल्लों और आवासीय क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर निगरानी रखें सफाई कर्मियों को निर्देश दिए कि वे नगर के हर हिस्से में नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित करें और यह भी ध्यान दें कि दीपावली के दौरान उत्पन्न होने वाला अतिरिक्त कचरा समय पर निस्तारित हो सके। सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों से भी बात की और उन्हें अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए। रेमकीकंपनी के सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वह सुनिश्चित करें कि कचरा गाड़ी समय पर हर क्षेत्र में पहुंचे।

खबर संक्षेप

किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य की दी जानकारी

बीना। केंद्रीय विद्यालय में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर जागरूकता प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विवेकानंद केंद्र बीना रिफायनरी अस्पताल से डॉक्टर प्रगति शर्मा, कंसल्टेंट पैथोलॉजिस्ट ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण आदि के बारे में छात्राओं विस्तार से समझाया और जागरूक किया। छात्राओं ने भी प्रश्नोत्तरी के द्वारा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य सुनीता गुप्ता, डॉक्टर गरिमा सिंह एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। जागरूकता सत्र में कक्षा 8 से 11 तक की छात्राएं उपस्थित रही।

गो सेवकों ने घायल बछड़े का इलाज किया

बीना। खुरई रोड पर घायल अवस्था में मिले बछडे का गो सेवकों के द्वारा उपचार कर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है। गो सेवक राजेंद्र यादव ने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना दी गई थी खुरई रोड स्थित होटल कलश के पास एक्सीडेंट हो जाने से गाय का बछड़ा घायल हो गया है। मौके पर पहुंचकरगो सेवा समिति द्वारा घायल बछड़े का उपचार किया एवं सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। इस मौके पर गो सेवा समिति सदस्य राजेंद्र यादव, अमित ठाकुर, पप्पू पटेल आदि स्थानीय लोग मौजूद रहे थे

राष्ट्रीय कुश्ती में विधि यादव का चयन

बीना। पश्चिमी रेलवे कॉलोनी निवासी एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में अध्ध्यनरत कक्षा 12 की छात्रा विधि यादव का चयन शालेय राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में चयन हुआ है। पीटीआई शरीफ खान ने बताया कि विधि यादव का चयन राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उन्होंने खंडवा में आयोजित स्टेट लेवल प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंदी को हराकर गोल्ड मेडल जीता था। विधि यादव 23-27 अक्टूबर तक मेरठ में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। वहीं इंदौर में 16-21 अक्टूबर तक चल रहे कोचिंग कैंप में विधि सम्मिलित है। विधि की सफलता पर शाला प्राचार्य, शिक्षक, सहपाठियों ने बधाई दी है।

जादू नहीं विज्ञान है, विकासखंड स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन

छात्रों ने नारियल पर वैज्ञानिक प्रयोग में पानी डाल लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

जादू नहीं विज्ञान है, समझना समझाना आसान है। इसके अंतर्गत विकासखंड स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में किया गया। जिसमें विकासखंड की 15 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिन्होंने कई वैज्ञानिक प्रयोग कर बताया कि यह जादू नहीं विज्ञान है। शनिवार को जादू नहीं विज्ञान है के परिप्रेक्ष्य में छात्र-छात्राओं के द्वारा कई वैज्ञानिक प्रयोग किए जैसे नारियल, कागज एवं सूखी लकड़ियों पर पानी डालते ही आग लग जाना। पोस्टर पर पानी या नील डालते ही आकृति उभर आना। कांच के वीकर को अदृश्य करना। रूई रकड कर रक्त बनाना एवं पानी में आग लगाना जैसे रासायनिक क्रियाओं का प्रयोग किया गया। जिसका मकसद रासायनिक क्रियाओं के माध्यम से अंधविश्वास को दूर करना और उसके पीछे छिपे विज्ञान को बताया गया। बच्चों ने रासायनिक क्रियाओं को करते हुए उपस्थित बच्चों एवं शिक्षकों ने जमकर तारीफ की।

इन स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

जादू नहीं विज्ञान है कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 के अलावा शासकीय स्कूल मंडी बामोरा, शासकीय स्कूल बरमान, शासकीय स्कूल बुखारा, शासकीय स्कूल गोहर, शासकीय स्कूल नानक वार्ड, शासकीय स्कूल आगासौद, शासकीय स्कूल भानगढ़, शासकीय गर्ल्स स्कूल इटावा, शासकीय स्कूल हिन्नोंद, शासकीय मॉडल स्कूल, शासकीय स्कूल सनाई के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य एसपी तिवारी, प्राचार्य आरके जाटव, सुनीता अहिरवार, व्हीके श्रीवास्तव, पीएस राय, एनके जाटव, प्रकाश, कुलदीप विश्वकर्मा, राजेश जैन, शकुंतला जैन आदि ने सभी छात्राओं के प्रायोगिक प्रदर्शनी को देखा एवं विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिए प्रेरित किया। जिला मास्टर ट्रेनर के रूप में एनके अहिरवार ने कार्य किया।

ऐरन क्षेत्र के 32 गांव में 1 करोड़ 16 लाख के दिए विकास कार्य

मंडी बामोरा में विधायक ने की जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ग्राम पंचायत मंडी बामोरा में विधायक एडवोकेट निर्मला सप्रे के द्वारा जनसुनवाई आयोजित की। जिसमें विधायक ने बड़ी संख्या में शिकायतों का तत्काल निराकरण किया। वहीं उन्होंने ऐरन क्षेत्र के 32 गांव में 1 करोड़ 16 लाख के विकास कार्य दिए जाने की बात कही। इस मौके पर विधायक सप्रे ने कहा कि यहां पर एक सीएम राइज स्कूल भी बन रहा है, जिसमें आपके बच्चे यहीं पढ़ेंगे। इस स्कूल भवन का जल्द भूमि पूजन करने वाले है। चार बड़ी बड़ी घोषणा हुई है, जो करोड़ों की है। उन्होंने कहा कि ऐरन क्षेत्र के विकास का कार्य योजना बन गई है। जिसमें ऐरन में ही 28 लाख के काम दिए गए है। जिनमें से 2 रोड है। निवोदिया से ग्रेवल सीसी रोड 20 लाख, ऐरन में ही घसीटे के घर से रतिराम के घर तक साढ़े 7 लाख की रोड, धंसरा में भी मुक्ति धाम की सीसी रोड, मंडीबामोरा में सरस्वती शिशु मंदिर की सीसी रोड, मंडी बामोरा से बरुअल तक सीसी रोड के विकास कार्य दिए है। विधायक ने बताया कि मंडी बामोरा में 32 गांव आते है, उनमें हमने 1 करोड़ 16 लाख के विकास कार्य दिए गए है। विधायक ने बताया कि जनसुनवाई में ग्राम पंचायत अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की शिकायतों को सुना और तत्काल समाधान किया। यह जनसुनवाई ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

करवा चौथ के चलते बाजार में रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को करवा चौथ का पर्व नगर सहित ग्रामीण अंचलों में उत्साह के साथ मनाया जाऐगा, जिसको लेकर सुहागन महिलाएं पूजन सामग्री की खरीददारी कर रही हैं। यहां उल्लेखनीय है कि सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु की कामना के साथ यह व्रत रखती हैं। यह व्रत निराहार, निर्जला के रूप में किया जाता है। इस व्रत में भगवान शिव शंकर, माता पार्वती, कार्तिकेय, गणेश और चंद्र देवता की पूजा-अर्चना करने का विधान है। करवाचौथ व्रत रखने वाली महिलाएं दिन में पूजन अर्चन कर कथा सुनती हैं और सुख, शान्ति, समृद्धि और सन्तान सुख की कामना करती हैं। षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन किया जाता है। इसके बाद रात में चंद्रोदय होने पर चंद्रमा की पूजन अर्चन कर एवं अर्घ्य देते हुए महिलाएं चंद्रमा और पति को छलनी से देखकर उनकी आरती करती हैं। इसके बाद अपने पति के हाथों से ही पानी पीकर अपने व्रत खोलती हैं। करवा चौथ का व्रत की पूजन महिलाओं द्वारा पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव से की जाती है। नगर में भी इस पर्व के पूर्व से ही पूजन सामग्री की दुकानें सज गई है और महिलाएं भी अभी से अपनी पसंद के अनुसार सामग्री की खरीददारी करने में जुट गई हैं।

महिला मंडल ने मिष्ठान वितरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को आचार्य 108 श्री विद्यासागर महाराज के जन्मदिवस पर श्री 1008 सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समाज द्वारा मिष्ठान वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी समाजजन एवं महिला मंडल ने सहभागिता की। इस अवसर प र सुपार्श्वनाथ महिला मंडल की अर्चना, सुलेखा, नवनीत, अंशु जैन, मीना जैन, प्रभात, मोनू जैन , मीना जैन, अभिषेक जैन आदि मौजूद थे।

एसडीएम ने किया निरीक्षण

गंजबासौदा। दीपावली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को एसडीएम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा, तहसीलदार संदीप जयसवाल, शहर थाना टीआई संजीव चौकसे, यातायात प्रभारी आशीष राय, हल्का पटवारी द्वारा संयुक्त रूप से पटाखा विक्रेताओं के गोदाम एकांत एक्सप्लोसिव, ओम फायरवर्क्स पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं अग्निशमन यंत्रों की जांच की गई। इस दौरान उपस्थित गोदाम संचालकों एवं जिम्मेदार कर्मचारियों को भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बाजार को साफ रखें और कार्रवाई से बचें: देवेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सब्जी मंडी को कचरा मुक्त बनाने के लिए गत दिवस व्यापारियों की बैठक पुरानी कृषि मंडी प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें व्यापारियों से सहयोगात्मक रवैया अपने का आह्वान किया गया।

फीडबैक कंपनी के लखबीर सिंह ने बताया कि वर्तमान में सबसे ज्यादा गंदगी सब्जी मंडी में मिल रही है। मंडी को साफ रखने में नपा और कंपनी को सहयोग दें, अलग-अलग कचरा रखें। प्रतिदिन सुबह 9:30 से 10 बजे तक कचरा गाड़ी आएगी, उसमें ही इसे डालें, इधर-उधर न फेंकें। इस मौके पर व्यापारियों ने मांग की कि मंडी से कचरा ज्यादा निकलता है, इसलिए एक ट्राली नगर पालिका मंडी प्रांगण में खड़ी कर दें, दुकानदार उसमें ही कचरा डालेंगे। इस मौके पर सफाई निरीक्षक जावेद खान ने कहा कि यदि दुकानदार साफ-सफाई के लिए सहयोग नहीं देंगे तो नपा को चालानी कार्रवाई के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जिससे दुकानदारों को परेशानी आ सकती है। सब्जी व्यापारियों ने सहयोग का आश्वासन दिया। सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, स्वास्थ्य समिति सभापति प्रतिनिधि संजय भावसार, वार्ड 14 के पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र मीणा ने फुटकर सब्जी विक्रेताओं को अपना कचरा गाड़ी में डालने की समझाइश दी। यदि वे प्रांगण में कचरा डालेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर फीडबैक कंपनी के लखविंदर सिंह ने कचरा प्रबंधन कैसे किया जाए, इसका डेमो भी दिखाया। किस प्रकार से उसे अलग रखें, इसकी भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके अनेक सब्जी, फल व्यापारी मौजूद थे।

मंडी में धर्मकांटों से तौल में आ रही गड़बड़, व्यापारी और किसान परेशान

गंजबासौदा। नवीन कृषि उपज मंडी में शासन के निर्देश पर धर्मकांटों से तौल तो शुरू हो गई है, लेकिन बडे धर्मकांटों से उपज तौल में काफी अंतर आ रहा है। शुक्रवार को ग्राम डिडौली के किसान विनोद कुशवाह ने अपनी उपज की तौल कराई। जिसमें उनके खाली ट्रैक्टर ट्रॉली का वजन मंडी के धर्मकांटों पर अलग आया और बाहर के धर्मकांटे पर अलग आया। इस तरह उनके वाहन के वजन में करीब 25 किग्रा का अंतर पाया गया। बाद में किसान के विरोध करने पर इस अंतर का समायोजन कर लिया गया। इसी तरह कुछ अन्य किसानों की उपज एवं वाहन के वजन में अंतर आ रहा है। वहीं व्यापारियों का कहना है कि धर्मकांटे से तौल में उपज के वजन में प्रति क्विंटल करीब एक किलो का अंतर आ रहा है। व्यापारी अमित अग्रवाल, अरूण अग्रवाल आदि ने बताया कि व्यापारी किसान की उपज धर्मकांटे से तौल के बाद जब अपनी फड पर तौलते हैं तो अंतर समझ में आ जाता है। गत दिवस ही एक व्यापारी ने 35 क्विंटल उपज खरीदी जिसमें उसके पास करीब 60 किलो उपज कम निकली। इस अंतर से जहां व्यापारियों को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं किसानों को भी आर्थिक क्षति हो रही है। इस संबंध में दोनों ही पक्षों ने मंडी समिति को शिकायत की है। बताया जाता है कि मंडी में शुरू हुए नए धर्मकांटे पर ही सबसे ज्यादा अंतर आ रहा है। इस संबंध में एसडीएम विजय राय ने शनिवार को व्यापारियों, किसानों, धर्मकांटा संचालकों और नापतौल विभाग के अधिकारियों की बैठक भी बुलाई है। जिसमें इस समस्या के समाधान पर चर्चा की जाएगी।

रात्रि में पुलिस अधीक्षक ने किया थाने का भ्रमण

गंजबासौदा। बीती रात नवागत पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने शहर थाने का भ्रमण कर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीओपी मनोज मिश्रा, सिटी थाना प्रभारी संजीव चौकसे, यातायात प्रभारी आशीष राय सहित समस्त पुलिस थाना स्टॉफ मौजूद था।

बेतवा नदी के रिपटा घाट पर की गई विधि विधान से पूजन

शिव अभिषेक के साथ कार्तिक स्नान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय बेतवा नदी के रिपटा घाट पर शुक्रवार को कार्तिक माह की प्रतिपदा से कार्तिक स्नान के साथ भगवान शिव का अभिषेक और दीपदान का आयोजन प्रारंभ हो गया है। पंडित भागीरथ शास्त्री के सानिध्य में शुरू हुआ आयोजन 15 नवबर कार्तिक पूर्णिमा तक आयोजित किया जाएगा। प्रतिदिन प्रात 5.30 बजे से घाट पर कार्तिक स्नान के बाद अभिषेक प्रारंभ हो जाता है।

नागरिक बैंक के अध्यक्ष जितेंद्र दुबे ने बताया कि रिपटा घाट पर यह आयोजन कार्तिक माह में विगत 10 वर्षों से चल रहा है। जिसमें नियमित रूप से श्रद्धालु प्रातः काल नदी घाट पर पहुंचकर स्नान करते हैं इसके बाद भगवान शिव का अभिषेक और आरती का आयोजन होता है। कार्तिक माह में नदी तालाब में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। एक महीने तक चलने वाले इस आयोजन का समापन कार्तिक पूर्णिमा पर अभिषेक और हवन के पश्चात किया जाएगा। डॉ. अशोक रोहले ने बताया कि बेतवा रिपटा घाट पर सूर्योदय से पूर्व श्रद्धालु प्रतिदिन कार्तिक स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। यहां प्रतिदिन भगवान शिव का भी अभिषेक किया जा रहा है। 15 नवबंर कार्तिक पूर्णिमा पर इसका समापन होगा।

पंडित भागीरथ शास्त्री ने बताया कि शरद पूर्णिमा के बाद से कार्तिक का महीना शुरू हो जाता है। कार्तिक के पूरे माह में पवित्र नदी में स्नान करने का प्रचलन रहा है। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार कार्तिक माह में व्रत स्नान और दान का बहुत ही ज्यादा महत्व है। इससे पाप का नाश होकर सुख शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। व्रती की हर तरह की मनोकामना पूर्ण होती है। स्कंद पुराण में कार्तिक माह की महिमा का वर्णन है। कार्तिक के समान दूसरा कोई मास नहीं सत्ययुग के समान कोई युग नहीं वेद के समान कोई शास्त्र नहीं और गंगाजी के समान कोई तीर्थ नहीं है। कार्तिक मास में इंद्रियों पर संयम रखकर चांद-तारों की मौजूदगी में सूर्योदय से पूर्व ही पुण्य प्राप्ति के लिए स्नान नित्य किया जाता है। इस माह लहसुन, प्याज और तामसी वस्तुओं का सेवन वर्जित रहता है। ब्रह्मचर्य का नियम मानते हुए भूमि शयन किया जाता है। कार्तिक मास आरोग्य प्रदान करने वाला सद्बुद्धि प्रदान करने वाला तथा मां लक्ष्मी की साधना के लिए सर्वोत्तम माना गया है। इस मास में श्री हरि जल में ही निवास करते हैं। कार्तिक माह में गंगा स्नान दान दीप दान हवन यज्ञ आदि करने से सांसारिक पाप का नाश होता है और व्यक्ति को मृत्यु के बाद स्वर्ग की प्राप्ति होती है। रिपटा घाट पर प्रारम्भ हुए कार्तिक स्नान और शिव अभिषेक में कई श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

72 घंटे बाद बिना शिनाख्त पुलिस ने शव दफनाया

बीना। गुरुवार को रेलवे लाइन पर मिले अज्ञात शव का तीन दिन बीत जाने के बाद भी शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव का दफन कफन कर दिया है। जानकारी अनुसार गुरुवार को डबल फाटक के आगे झांसी रेलवे लाइन पर किमी नंबर 979/3 के पास दोपहर 2 बजे करीब 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला था। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर लिया गया था। लेकिन शव की शिनाख्त होने के कारण शव को सिविल अस्पताल के फ्रिजर में रखा गया था। 72 घंटे बीत जाने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं होने पर शनिवार को शव का सिविल अस्पताल में पीएम कराने के बाद पुलिस ने शव का मुक्ति धाम में कफन दफन कर दिया गया है।

एसजीएस कॉलेज में युवा उत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार युवा उत्सव कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। युवा उत्सव के इस आयोजन की विभिन्न प्रतियोगिताएं चार पक्षों में आयोजित की जाती हैं, जिसमें सांस्कृतिक पक्ष, सांगितिक पक्ष साहित्यिक पक्ष एवं रूपांकन पक्ष होते हैं। प्रथम दिवस के आयोजन में सांस्कृतिक पक्ष एवं सांगितिक पक्ष की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक पक्ष की प्रतियोगिताओं के प्रभारी डॉ. सरिता घेघट रही जिसमें एकल नृत्य शास्त्रीय, समूह नृत्य, लोक नृत्य, एकांकी, मूकाभिनय, स्किड एवं मिमिक्री की प्रतियोगिताएं रही। वहीं सांगितिक पक्ष के प्रभारी डॉक्टर सुमनलता गुप्ता रही। जिसमें एकल गायन शास्त्रीय, सुगम, एकल गायन पाश्चात्य, समूह गान भारतीय,समूह गान पाश्चात्य, एकल बादल परकुशन एवं नॉन कुशन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. विजय शाक्य द्वारा जानकारी दी गई कि अगले दिन शनिवार को साहित्यिक पक्ष जिसमें भाषण वाद-विवाद एवं प्रश्नमंच की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी एवं द्वितीय पक्ष रूपांकन विद्या में होगा। जिसमें रंगोली, स्पॉट पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, कॉलेज, पोस्ट निर्माण एवं कार्टूनिग की प्रतियोगिताएं महाविद्यालय में आयोजित की जाएंगी।

इस अवसर पर डॉ. सुमनलता गुप्ता एवं डॉक्टर नरेंद्र कुमार द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता द्वारा सभी विद्यार्थियों से प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने की बात कही गई।

त्यौहार की खरीदारी को उमड़ रही ग्राहकों की भीड़ से यातायात व्यवस्था अस्त व्यस्त

नो पार्किंग में खड़ी बाइकें लगा रही जाम, सड़कों पर घूम रही गाड़ियों के घर पहुंच रहे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इन दोनों हमारे जिले की स्मार्ट पुलिस ने चलानी कार्रवाई की स्मार्ट व्यवस्था की है। अब कोई लापरवाह वाहन चालक अपने वाहन को नो पार्किंग जॉन में खड़ा करता है तो उसका चालान ऑनलाइन काटकर मैसेज मोबाइल पर डाल दिया जाता है। जिसके बाद संबंधित व्यक्ति या तो ऑनलाइन (ट्रैफिक पुलिस दिए नंबर पर) व्यवस्था से चालान जमा कर थाने में आने जाने की परेशानी से बच सकता है अथवा पुलिस संबंधित के घर चालान के रुपए वसूलने पहुंच जाती है।

ट्रैफिक पुलिस की इस स्मार्ट व्यवस्था से जहां चालान कटने के बाद भी अधिकतर लोग इसलिए प्रसन्न है कि उन्हें रास्ते में रोक कर पूछताछ करने जैसी परेशानी से गुजरने के बजाय बिना किसी झंझट के की गई गलती का जुर्माना अदा करने का अवसर मिल गया लेकिन ट्रैफिक पुलिस की इस स्मार्टनेस के शिकार हो रहे कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनके घरों पर चालान ऑनलाइन पहुंच रहे हैं वह ट्रैफिक पुलिस पर यह आरोप भी लगाने से नहीं चूके कि चलती हुई गाड़ी का चालान मोबाइल पर भेजा गया है जबकि उनके गाड़ी कहीं खड़ी भी नहीं हुई है। हालांकि इस तरह के चालान बनने के बाद लोगों का आरोप लगाना स्वाभाविक है पर पुलिस के पास इस बात के सबूत होते हैं की गाड़ी नो पार्किंग में ही खड़ी थी। लेकिन प्रश्न यह भी उठ रहा है कि जब हमारी स्मार्ट पुलिस नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करते ही उसका चालान ऑनलाइन बना देती है तो फिर में बाजार में जगह-जगह दुकानों के आगे आधे रोड तक लगी बाईकों की अघोषित पार्किंग के चालान क्यों नहीं बनाए जा रहे हैं।

इन दिनों बाजार में त्यौहार की ग्राहकी निकालने के कारण इतनी भीड़ हो रही है कि लोगों का पैदल गुजरना भी मुश्किल हो रहा है बाजार में जगह-जगह जाम की स्थिति निर्मित हो रही है हालांकि शहर का कोई भी बाजार ऐसा नहीं है जहां रोजाना जाम की स्थिति से लोगों को दो-चार ना होना पड़े लेकिन सबसे अधिक समस्या मेन मार्केट में आ रही है। गांधी पार्क से सुबात चौराहा तक बाजार में भीड़ के साथ-साथ लोगों को अतिक्रमण की समस्या से भी दो-चार होना पड़ रहा है। हालांकि त्यौहार के समय हाथ ठेले लेकर स्ट्रीट वेंडर व्यवसाय करने आ जाते हैं जिनके कारण भी परेशानी होती है लेकिन इससे भी अधिक परेशानी उन दुकानदारों की वजह से आती है जो दुकानदार अपनी दुकानों के आगे ग्राहकों की बाइक पार्किंग की तरह खड़ी करते हैं। कई दुकानदार तो बाईकों की तीन-तीन लाइन सड़क पर दुकानों के आगे इस तरह लगा देते हैं जैसे यहां पर कोई व्यवस्थित पार्किंग बनी हुई हो। उनकी दुकानों के आगे लगी बाइके के आधे रोड को घेर कर जाम लगाने का काम कर रही हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि इन बाईकों को हटाने की बात हो अथवा सड़कों पर पसर रहे अतिक्रमण को हटाने की। इसके लिए जिम्मेदार नगर पालिका की अतिक्रमण विरोधी मुहिम बीते दो सालों में रस्म अदायगी के रूप में हुई है। उधर नो पार्किंग जॉन में गाड़ियों के खड़े करने पर ऑनलाइन चालान काटने वाली स्मार्ट ट्रैफिक पुलिस की ऑनलाइन चालानी कार्रवाई यहां क्यों नहीं हो पा रही है।

नवरात्रि पर लगाए बेरीकेट्स हो गए अनुपयोगी

बाजार में भीड़भाड़ को रोकने के उद्देश्य से पुलिस ने बालापुरा रोड, गांधी पार्क पर नवरात्र के समय बैरिकेट्स लगाए थे तब यहां से सिर्फ बाइक और पैदल राहगीरों को ही निकलने दिया जा रहा था। जिससे भीड़ भाड़ के बावजूद बाजार में जाम जैसी स्थिति का सामना लोगों को नहीं करना पड़ रहा था लेकिन अचानक यह व्यवस्था स्वतः ही समाप्त हो गई। आने जाने वाले लोगों ने बेरीकेट्स हटाकर अपने चार पहिया वाहनों को निकलना शुरू कर दिया जिसके कारण बाजार में जाम की स्थिति बन रही है। मेन बाजार में जहां चार और तीन पहिया वाहनों को रोके जाने की व्यवस्था पुलिस प्रशासन ने की है वहां से चार और तीन पहिया वाहन धड़ल्ले से निकल रहे हैं। यही नहीं लोडिंग वाहन भी बाजार में धड़ल्ले से आ जा रहे हैं। कई वाहन दिन भर व्यापारियों की दुकान पर सामान पहुंचाने का काम कर रहे हैं जिसके कारण भी बाजार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

न हॉकर्स जोन विकसित न पार्किंग स्थल

बाजार में भीड़ भाड़ और जाम की स्थिति निर्मित होने के लिए नगर पालिका परिषद भी कम जिम्मेदार नहीं है सड़क पर बैठकर व्यवसाय करने वालों के लिए नगर पालिका ने दो हॉकर्स जॉन बनाए हैं एक हॉकर्स जोन 10 साल पहले पापूजी पार्क में बनाया था जहां गांधी पार्क के आसपास के स्ट्रीट वेंडर अपनी दुकान सजाकर व्यवसाय कर सकते थे और इससे बाज़ार की सड़कें अतिक्रमण मुक्त हो सकती थीं। एक हॉकर्स जोन सलापुरा के पास वार्ड नं 10 में बनाया था यहां पर हाईवे पर बैठकर व्यवसाय करने वाले स्ट्रीट वेंडर को बसाया जाना था लेकिन दोनों ही जगह स्ट्रीट वेंडर नहीं बसे और सड़कों पर ही बाजार किसी गांव में सजने वाले हाट की तरह सजा हुआ है। उधर शहर में कहीं भी बाइक या चार पहिया वाहनों को खड़े करने के लिए कोई पार्किंग व्यवस्था नहीं है जिसके कारण भी लोगों को मजबूरी में अपने वाहन वही करने खड़े करने पड़ते हैं जहां वह खरीदारी करने पहुंचते हैं।

इनका कहना है...

मेरी गाड़ी बाजार में कहीं भी खड़ी नहीं हुई थी रोड पर चलती हुई गाड़ी का चालान ऑनलाइन मेरे पास भेजा गया है। ऑनलाइन चालान बनाने में यातायात पुलिस भारी गड़बड़ी कर रही है। इसकी शिकायत मैंने एसपी से की है।

मांगीलाल फौजी
विधायक प्रतिनिधि श्योपुर

जहां भी गाड़ियां नो पार्किंग जोन में खड़ी होती हैं उनके ऑनलाइन चालान संबंधित के मोबाइल पर भेज दिए जाते हैं। चलती गाड़ी के फ़ोटो खींचकर चालान बनाने के आरोप अनर्गल है। बाजार में दुकानों के आगे खड़ी बाईकों के चालान अभी नहीं बना रहे हैं। लेकिन अधिक परेशानी बढ़ी तो बाजार में भी इस तरह की चालानी कार्रवाई की जाएगी।

राकेश शर्मा
ट्रैफिक टीआई श्योपुर

प्रमोशन के बाद तीनों को भोपाल में मिली पोस्टिंग

श्योपुर के तीन थानेदारों का प्रमोशन अब कंधे पर लगेगा तीसरा स्टार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले में पदस्थ तीन थानेदारों को प्रमोशन हो गया है। जिसके चलते अब ये तीनों थानेदार इंस्पेक्टर बन गए हैं। इनके कंधों पर दो की जगह तीन स्टार लगे हुए नजर आएंगे। वर्तमान में ये तीनो थानेदार पुलिस लाइन में पदस्थ है, प्रमोशन के बाद तीनों थानेदारों को भोपाल में नई पदस्थापना दी गई है।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा प्रदेश के 47 उप निरीक्षकों का प्रमोशन कर उन्हें कार्यवाहक निरीक्षक बना दिया गया है। भोपाल स्तर से जारी हुई इस प्रमोशन सूची में श्योपुर जिले में पदस्थ उनि शिवराम कंषाना, हितगोपाल यादव और दिनेश राजपूत के नाम भी शामिल है। अब ये तीनों उप निरीक्षक प्रमोशन मिलने के बाद टीआई बन गए है। यहां बता दें कि अभी कुछ दिन पहले तक तो उनि शिवराम कंषाना अगरा थाना प्रभारी, हितगोपाल यादव आवदा थाना प्रभारी तथा दिनेश राजपूत बरगवां थाना प्रभारी थे, जिन्हें कुछ दिनों पहले ही प्रमोशन के चलते थानों से हटाकर पुलिस लाइन में पदस्थ किया गया था। प्रमोशन मिलने के बाद तीनों उप निरीक्षकों को भोपाल में नई पदस्थापना दी गई है।

मृत मवेशियों के शवों को डालने से उड़ रही सड़ांध से लोग परेशान

लापरवाही: चंबल दाहिनी मुख्य नहर के पास सार्वजनिक स्थल को बनाया ट्रेंचिंग ग्राउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर परिषद बड़ौदा की लापरवाही से इन दिनों आमजन खासा परेशान है। नगर परिषद ने चंबल नहर केनाल को अघोषित रूप से ट्रेंचिंग ग्राउंड बना डाला है। नगर के सभी वार्डों का कचरा एकत्रित कर यहां डाला जा रहा है कचरे के साथ-साथ मृत मवेशियों के शवों को भी पटकने से वातावरण में सड़ांध फैल रही है। इधर से गुजरने वाले लोगों को इस सड़ांध के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है।

बड़ौदा नगर के अपशिष्ट (कूड़ा - करकट) एवं मृत पशुओं के अवशेष को चंबल दाहिनी मुख्य नहर में एवं चंबल नहर के किनारे पर डाला जा रहा है। जिसमें सभी प्रकार के अपशिष्ट (कूड़ा - करकट) शामिल होते हैं। चंबल दाहिनी मुख्य नहर के किनारे मूंडला से प्रेमपुरा तक यह कचरा डाला जा रहा है। कचरे में मृत पशुओं के अवशेष भी शामिल हैं। जिससे बढ़ती गंदगी से प्रदूषण फैल रहा है और वातावरण दुर्गंध फैल रही है। नगर वासियों ने नगर परिषद से उक्त स्थल पर कचरा डालने से रोकने की मांग करते हुए ट्रेंचिंग ग्राउंड पर ही कचरा डाले जाने को कहा है।

कचरा नहीं हटा तो देंगे धरना : राधेश्याम

समाजसेवी किसान नेता राधेश्याम मूंडला ने चंबल नहर किनारे डाले जा रहे कचरे को तत्काल रोकने ओर वातावरण में बीमारियां फैला रहे कचरे को तत्काल हटाने की मांग नगर परिषद से करते हुए मांग नहीं माने जाने पर आंदोलन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि कचरा ना सिर्फ चंबल नहर के किनारे फेंका जा रहा है बल्कि नहर में भी मृत मवेशियों के शव डाले जा रहे हैं। जिससे मानव सहित पशु - पक्षियों के जीवन पर गंभीर संकट का कारण बन रहा है। इसलिए नगर के अपशिष्ट को निर्धारित स्थान पर डलवाया जाए। इस संबंध में पूर्व में भी कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया गया है परंतु उक्त मांग पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। किसान नेता राधेश्याम मीणा ने चेतावनी देते हुए कहा कि नगर परिषद इस विषय में शीघ्र कार्रवाई नहीं करेंगी तो आने वाले दिनों में नगर परिषद बड़ौदा के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसका उत्तरदायित्व प्रशासन एवं नगर परिषद बड़ौदा का होगा।

विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में वोटिंग 13 नवंबर को, आवंटित की गई मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ईव्हीएम-वीवीपीएटी मशीनों के प्रथम रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया संपन्न की गई। ईव्हीएम मशीनों के प्रथम रेंडमाईजेशन के दौरान विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाली वोटिंग के दौरान उपयोग की जाने वाली मशीनों का आवंटन किया गया। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों को रेंडमाईजेशन के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें प्रक्रिया से अवगत कराया गया तथा निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाईजेशन किया गया। रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया में विजयपुर विधासनभा क्षेत्र के लिए 392 बैलेट यूनिट, 392 कन्ट्रोल यूनिट तथा 425 वीवीपीएटी मशीनें आवंटित की गई। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 327 मतदान केन्द्र है, इस मान से 20 प्रतिशत रिर्जव सहित 392 सीयू एवं वीयू तथा 30 प्रतिशत रिजर्व सहित 425 वीवीपीएटी मशीने रेंडमाईजेशन कर आवंटित की गई है। रेंडमाइजेशन के उपरांत राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों को फ्रीज की गई सूची भी उपलब्ध कराई गई। रैंडमाइजेशन के बाद ईवीएम-वीवीपीएटी को संबंधित जिलों को विधानसभा क्षेत्रवार रिटर्निंग अधिकारी को आवंटित कर दी गई। रिटर्निंग अधिकारी आवंटित मशीनों को सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में रखेंगे। इस अवसर पर एसडीएम मनोज गढवाल, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पेम्पलेट पोस्टर पर मुद्रक तथा प्रकाशक का नाम अंकित होना अनिवार्य

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल ने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक में कहा कि विधानसभा उप निर्वाचन से संबंधित प्रचार प्रसार के लिये अभ्यर्थी, राजनैतिक दल द्वारा प्रिंट करवाये जाने वाले प्रत्येक पेम्पलेट या पोस्टर पर मुद्रक, प्रकाशक का नाम अंकित होना अनिवार्य है। सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक निर्वाचन संबंधी पेम्पलेट पोस्टर पर अपने प्रकाशक का नाम आवश्यक रूप से अंकित कराएं। बैनर, पोस्टर और पम्पलेट के संबंध में लोक अधिनियम प्रतिनिधित्व की धारा 127 में किए प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए अवगत कराया कि धारा 127 में निहित प्रावधानों के मुताबिक कोई भी व्यक्ति एसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर मुद्रित तथा प्रकाशित नहीं कराएगा जिस पर मुद्रक और प्रकाशक के नाम पते नहीं होंगे।

निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें: कन्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी शासकीय सेवक निष्ठापूर्वक निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करें। अधिकारी, कर्मचारी निर्वाचन ड्यूटी से बचने के लिए आवेदन प्रस्तुत न करें। यह बात कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने विधानसभा विजयपुर में होने वाले उप निर्वाचन के दृष्टिगत अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कही। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी अपरिहार्य स्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के अलावा किसी भी कर्मचारी को निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त नही किया जायेगा। स्वास्थ्य कारणों से ड्यूटी से मुक्त होने के आवेदन करने के पूर्व संबंधित को जिला मेडिकल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत होकर इस आश्य का प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा, किसी भी तरह की ड्यूटी से छूट संबंधी आवेदन संबंधित जिला विभाग प्रमुख के माध्यम से ही प्रेषित किये जा सकेंगे। बिना उचित कारण के आवेदन करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

बडौदा की शुभांषी ने बढ़ाया श्योपुर जिले का मान

श्योपुर। यूजीसी नेट परीक्षा में श्योपुर की बेटी शुभांषी सिसौदिया ने 99.78 अंको के साथ टॉप कर जिले का गौरव बढ़ाया है। यूजीसी नेट जून परीक्षा परिणाम जारी हो चुका है जिसमें श्योपुर जिले के बड़ौदा निवासी शिवशक्ति बस के संचालक प्रमोद सिंह सिसौदिया की बेटी शुभांषी सिसौदिया ने 99.78 अंको के साथ टॉप किया है। उनकी इस उपलब्धि को लेकर जिले में हर्ष की लहर है। सोशल मीडिया पर लोग दिनभर शुभांषी और उनके पिता प्रमोद सिंह सिसौदिया को बधाई देते नजर आए। यहां बता दें कि शुभांषी सिसौदिया शिवशक्ति बस के संचालक प्रमोद सिंह सिसौदिया की पुत्री और दयाल सिंह सिसौदिया की पौत्री हैं जो बडौदा के प्रतिष्ठित परिवार में गिने जाते हैं।

आउट सोर्सिंग कंपनी ने नहीं डाला जिला अस्पताल के सफ़ाई कर्मियों का वेतन

वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाई कर्मियों ने की हड़ताल, सीएस के समझाने पर माने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने वेतन नहीं मिलने से नाराज होकर शनिवार को हड़ताल कर दी। हालांकि बाद में वह सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल की समझाइश के बाद वह हड़ताल समाप्त करने पर राजी हो गए लेकिन तीन दिन में वेतन नहीं मिलने की स्थिति में दोबारा से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी सिविल सर्जन को जरूर सफाई कर्मचारियों ने दी है।

सफाई कर्मचारियों ने बताया कि आउटसोर्स कंपनी द्वारा उन्हें अगस्त ओर सितंबर माह का वेतन नहीं दिया। बार बार आश्वासन देने के बाद भी वेतन नहीं दिए जाने से नाराज सभी 48 सफाई कर्मचारियों ने जिला अस्पताल में एक राय होकर शनिवार को हड़ताल कर दी थी लेकिन बाद में सिविल सर्जन द्वारा 3 दिन के भीतर बकाया वेतन खातों में डलवा देने का आश्वासन के बाद हड़ताल स्थगित कर दी गई है। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि आउटसोर्सिंग कंपनी इसी तरह उनके वेतन को रोक कर उनका शोषण करती रहती है जब भी त्यौहार आता है हमें वेतन के लिए इसी तरह आंदोलन करना पड़ता है सफाई कर्मचारियों ने सिविल सर्जन को दिए आवेदन के दौरान कहा कि आउटसोर्स कंपनी को निर्देशित किया जाए कि सभी सफाई कर्मचारियों का वेतन मान की 3 तारीख तक हर हालत में उनके खातों में वेतन डाल दिया जाए।

संपदा 2.0: मुख्यमंत्री ने 10 अक्टूबर को किया था शुभारंभ, एजेंसी ने बनाकर नहीं दी डीसी

अभी श्योपुर में नहीं हो सकी ई रजिस्ट्री, उपपंजीयकों के डिजिटल सिग्नेचर नहीं बनने से अटका काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भलेही 10 अक्टूबर को संपदा 2.0 से ई-रजिस्ट्री का शुभारंभ कर दिया गया हो, लेकिन श्योपुर जिले में अभी तक ई रजिस्टी किया जाना शुरू नहीं हो सका है। इसका कारण उपपंजीयकों के डिजिटल सिग्नेचर नहीं होना बताया गया है। जिस एजेंसी को डिजिटर सिग्नेचर बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस एजेंसी ने अभी तक डिजिटल सिग्नेचर बनाकर नहीं दिए है। जिसकारण ई रजिस्ट्री का काम फिलहाल अटका हुआ है।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक संपदा सॉटवेयर में ई-रजिस्ट्री को पहले से बेहतर बनाया गया है। इसमें जीरो बैलेंस खाता, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और ई-रजिस्ट्री जैसे नवाचार का समावेश है। पहले दस्तावेज पंजीयन और अन्य कार्यों के लिए कार्यालय आना पड़ता था, लेकिन पोर्टल और ऐप के माध्यम से सभी लोग घर से ही इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। प्रदेश भर में इस सॉटवेयर की शुरुआत एक सप्ताह पहले हो चुकी है। लेकिन अब तक इसकी पहली रजिस्ट्री श्योपुर जिले में कहीं नहीं हो सकी है। जिसकारण जमीन के सौदे करन वाले असमंजस में हैं कि संपदा 2.0 सॉटवेयर से उन्हें कैसे, किस तरह का लाभ होगा।

एप से ही दिखेगी कलेक्टर गाइड लाइन दर

यहा बताना होगा कि संपदा-2.0 उन्नत तकनीक पर आधारित सॉटवेयर है। इसमें राजस्व वित्त विभाग और नगरीय प्रशासन के साथ जीएसटी और यूनिक आईडी आधार से भी इंटीग्रेटेड किया गया है। जमीन की कलेक्टर गाइडलाइन दर ऐप में लोकेशन के माध्यम से मालूम हो सकेगी। सॉटवेयर से संपत्ति की जीआईसी मैपिंग होगी, बायोमैट्रिक पहचान और दस्तावेजों की फॉर्मेटिंग भी होगी। दस्तावेजों के पंजीयन के लिए व्यक्तिगत मौजूदगी की जरूरत नहीं होगी। घर बैठे ही दस्तावेज सत्यापन और पंजीकरण हो सकेगा। दस्तावेज की सॉट कॉपी वाट्सऐप और ईमेल से आवेदक को प्राप्त होगी।

यह फायदे होंगे

ई-रजिस्ट्री एक ही दिन में हो जाएगी। इसमें ज्यादा वक्त भी नहीं लगेगा। इस लागू होने के बाद एक ही जमीन फर्जी तरीके से बार-बार नहीं बेची जा सकेगी। इसके साथ ही पंजीयन कार्यालय में अवैध तरीके से होने वाला लेन-देन बंद हो जाएगा। वहीं जिन लोगों को जमीन या मकान खरीदना होगा,उन्हें न तो अफसरों के और न दलालों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पडेगे। इसके अलावा सबसे बडा फायदा यह भी होगा कि जिस जमीन की रजिस्ट्री आपके नाम है, आपकी मर्जी के बिना उसकी रजिस्ट्री किसी और के नाम नहीं हो सकेगी। रजिस्ट्री पूरी होते ही आपको एक पिन नंबर मिलेगा। इसे लॉक कराना होगा। आप जब रजिस्ट्री दफ्तर जाकर सब रजिस्ट्रार को यह कोड बताएंगे, तभी किसी और के नाम रजिस्ट्री हो सकेगी।

इनका कहना

अभी उप पंजीयकों के नए डिजिटल सिग्नेचर नहीं बन सके हैं। लेकिन इसके लिए कार्रवाई चल रही है। डिजिटल सिग्नेचर बनते ही ई रजिस्ट्री होना शुरू हो जाएगी।

प्रेमनंदन सिंह
जिला पंजीयक श्योपुर

4 आदतन अपराधी जिला बदर, 4 आरोपियों को थाने में हाजिरी देने के लिए किया पाबंद

जिनसे चुनाव बाधित होने का अंदेशा, उनके खिलाफ कार्रवाई में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से कराए जाने के मकसद से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा 4 आदतन अपराधियों पर जिलाबदर की कार्यवाही की गई है। वहीं चार आरोपियों को संबंधित थाने में हाजिरी देने के लिए पाबंद किया गया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने यह कार्रवाई एसपी वीरेन्द्र जैन के प्रतिवेदन पर की है।

कलेक्टर के द्वारा जिन अपराधियों को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है, उनमें रामभरत पुत्र प्रकाश बैरवा निवासी कोटरा (दर्ज अपराध 07), शानू उर्फ लप्पा पुत्र चुन्नात खा निवासी बंजारा डैम के ऊपर हसनपुर हवेली (दर्ज अपराध 05), संजू पुत्र हरिशंकर रेगर निवासी ब्लॉक कॉलोनी श्योपुर (दर्ज अपराध 09), छोटू उर्फ भीकम सिंह पुत्र बाबूलाल गुर्जर निवासी नसीहर थाना सेसईपुरा (दर्ज अपराध 07) शामिल है। ये आरोपी श्योपुर जिला एवं उसके निकटवर्ती जिले मुरैना, शिवपुरी, ग्वालियर की सीमाओं से 3 माह की अवधि के लिए जिलाबदर किए गए है। जबकि आपराधिक रिकार्ड वाले आरोपी गब्बर पुत्र मलखान मेवाती निवासी मठेपुरा थाना कोतवाली श्योपुर को आदेश दिनांक से आगामी 03 माह तक सप्ताह में एक बार थाना प्रभारी पुलिस कोतवाली श्योपुर के समक्ष अपनी हाजरी दर्ज कराने के लिए पाबंद किया गया है। आरोपी दीपक पुत्र रामसिंह नायक निवासी रन्नौद थाना देहात को थाना प्रभारी देहात श्योपुर के समक्ष तथा आरोपी कमल उर्फ बादशाह पुत्र रामहेत बैरवा निवासी फक्कड चौराहा श्योपुर को थाना प्रभारी पुलिस कोतवाली श्योपुर के समक्ष एवं आरोपी नकटू पुत्र करन सिंह निवासी मोरावन थाना सेसईपुरा को थाना प्रभारी सेसईपुरा के समक्ष सप्ताह में एक बार अपनी हाजरी दर्ज कराने के लिए पाबंद किया गया है।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए

अशोकनगर। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो के अंतर्गत मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किए गए। जिले के सहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पांडरी निवासी पहलवान आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रमोद आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अथाईखेडा निवासी नीलेश कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अरंविंद केवट मलखान केवट अंकित केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हलनपुर निवासी कविता बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लालाराम भगवान सिंह मंयक और नीतेश लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलालपुर निवासी देवीसिंह शिवहरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विक्की और सतीश शिवहरे ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरा घाट निवासी मीराबाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी फोदल और अन्ना आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत कुड मोहल्ला शाढौरा निवासी नीरज यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर नईसराय रोड पर फरियादी के बाडे से फरियादी की अपाचे गाडी जिसका नंबर एमपी 67 जेड सी 9735 है। उसे चुरा ले गए। पुलिस ने अज्ञात लोगो पर मामला दर्ज किया है।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत जेल कालोनी निवासी अभिषेक पुत्र रामकृष्ण बैरागी कमलेश रघुवंशी के मकान मे किराए से रहता था। युवक ने बीती रात कमरे मे लगे पंखे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

अज्ञात व्यक्ति का शव रेल पटरियों पर मिला

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत रेलवे ट्रैक 1048/46 पोल की रेल पटरियो के पास पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। देहात पुलिस को सूचना रेलवे पांइटमेन संजू पुत्र कप्तान सिंह ओझा द्वारा दी गई थी। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

मकान विक्रय के नाम पर 17 लाख हड़पे

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर मकान विक्रय के नाम धोखाधडी किए जाने का मामला दर्ज किया है। मंदसौर मिल वार्ड न. 2 निवासी विजय अहिरवार पुत्र बाबूलाल अहिरवार ने कोतवाली मे आवेदन दिया था कि कपिल पटेल पुत्र शिवचरण अहिरवार निवासी डीसी गोदाम गुना रोड अशोकनगर द्वारा क्लासिक सिटी कालोनी अशोकनगर मे दस्तावेजो की कूट रचना कर मकान विक्रय के नाम पर आवेदक से छल पूर्वक 17 लाख रूपए हडप लिए जिस पर से पुलिस ने आरोपी के विरूध धोखाधडी का मामला दर्ज किया है।

कलेक्टर ने दो अपराधियों को किया जिला बदर

अशोकनगर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा जिले में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न अपराधों में लिप्त दो अपराधियों को जिला बदर किये जाने हेतु आदेश जारी किये गये हैं। जारी आदेशानुसार अनावेदक सलीम उर्फ कालू खां पुत्र आविद खां जाति मुसलमान उम्र 23 निवासी रामपुरा मोहल्ला अशोकनगर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 20 प्रकरण दर्ज होने एवं अनावेदक महेन्द्र पुत्र राजधर सिंह यादव उम्र 53 साल निवासी पाकरोड़ थाना ईसागढ़ के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 13 प्रकरण दर्ज होने पर एक-एक वर्ष की कालावधि के लिए जिला बदर किये गये हैं।

भारतीय संस्कृति और परंपरा का त्योहार

नगर में करवा चौथ पर करोड़ों का कारोबार महिलाएं करेंगी पति की दीर्घायु की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारतीय संस्कृति के पर्वो मे से एक करवा चौथ का पर्व अशोकनगर शहर मे बडे स्तर पर मनाया जाएगा। शहर मे करवा चौथ को लेकर महिलाओ मे अपार उत्साह है।

महिलाए करवा चौथ का पर्व मनाएगी और पति की दीर्घायु की कामना करेगी। करवा चौथ के इस पर्व को लेकर शहर का गाधी चैक सामग्री की दुकानो से पटा पडा है। पिछले एक सप्ताह से यहा करवा चौथ की सामग्री की दुकाने सजी है। इन दुकानो पर रंगीन करवा, चलनी, सीक के साथ विभिन्न प्रकार की सामग्री का विक्रय हो रहा है। जिस सामग्री का उपयोग करवा चौथ की पूजा मे किया जाता है। वह सारी सामग्री इन दुकानो पर विक्रय हो रही है। छोटी बडी 100 दुकाने सजी है। कुछ करवा यही पर तैयार किए गए है तो कुछ करवा बाहर से लाए गए है। रविवार को करवा चौथ का यह पर्व मनाया जाएगा।

महिलाएं सजने संवरने के साथ कर रही जरूरत की सामग्री क्रय

इस त्यौहार को लेकर महिलाओ मे अपार उत्साह है महिलाए इस पर्व की तैयारी मे कई दिनो से लगी है। सजने संवरने से लेकर किस किस सामग्री का उपयोग सुहागिन स्त्री को किया जाना है उस सब की तैयारी महिलाओ ने की है। इस त्यौहार की विशेषता यह है कि इस दिन महिलाए अगर बाहर हो तो बह अपने घर लौट आती है। और अगर पति बाहर है तो वह भी अपने घर लौट आते है। इस दिन महिलाए तो व्रत रखती ही है आज कल के युवा महिलाओ के साथ व्रत रखने लगे है। जिन महिलाओ की शादी इसी वर्ष हुई है उनके लिए करवा चैथ का यह पहला पर्व नए अनुभवो से भरा होता है। जिन महिलाओ के पति बाहर है और यहा फिर फौज मे और वह नही आ पा रहे है या फिर विदेशो मे है तो वह वीडियो कॉलिंग के माध्यम से इस पर्व को मनाते है। पंजाबी समाज की महिलाए सामूहिक रूप से गुरूद्धारा भवन पर करवा चौथ का पर्व मनाने पहुचती है।

अशोकनगर शहर के बाजार गुलजार

करवा चौथ के इस पर्व को लेकर अशोकनगर शहर के बाजार गुलजार है। अगर साडी विक्रेताओ की बात माने तो जितनी साडियो का विक्रय इस पर्व पर होता है उतनी साडियॉ किसी अन्य त्यौहार पर नही बिकती। जितनी महिलाए करवा चौथ का पर्व मनाती है वह सभी महिलाए नई साडी को धारण करती है। शहर से लेकर गाव तक के लोग खरीदारी को यहा पहुच रहे है। साडियो की दुकानो के साथ श्रृंगारिक सामग्री की दुकानो पर भी महिलाओ की भीड है। अनेक महिलाए ब्युटीपार्लर का सहारा ले रही है। सच पूछो यह पर्व महिलाओ का पर्व है जो अशोकनगर शहर मे बडे पैमाने पर मनाया जाएगा।

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सुविधाओं की मांग

जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने धरना दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला अस्पताल मे मरीजो को पर्याप्त मात्रा मे सुविधाए नही मिल पा रही। मरीज परेशान है। बिगडती स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने जिला अस्पताल मे लापरवाही और समस्याओ के विरोध मे धरना दिया और कलेक्टर को ज्ञापन सोपकर लापरवाह लोगो पर कार्रवाई की मांग करते हुंए सुविधाए उपलब्ध कराने की मांग की।

कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं, भ्रष्टाचार, ड्युटी डॉक्टरों की लापरवाही, साफ सफाई की व्यवस्था न होना, समय पर एंबुलेंस जननी एक्सप्रेस, मरीज को मिलने वाली सुविधाओं का अभाव, विगत 15 वर्षों से ट्रामा सेंटर का चालू न होना इन सभी समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सोपा और कांग्रेस ने चेतावनी दी अगर ऐसी अवस्थाओं को सुधारा नहीं गया कांग्रेस आगे उग्र आंदोलन करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक चेतावनी और दी गई अगर ड्यूटी डॉक्टर समय पर अस्पताल में उपस्थित नहीं रहेंगे तो हम उनके प्राइवेट क्लीनिक के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शहर राजेंद्र कुशवाहा अशोकनगर के विधायक हरी बाबू राय , जिला संगठन मंत्री गिरीश जैन, ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी दशरथ रघुवंशी पार्षद रितेश आजाद,सीमा सुराना, विमलेश शर्मा, लक्ष्मी प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि गोपाल कोल,सुरेंद्र रघुवंशी,भगवत लोधी, राजकुमार रघुवंशी, अशोक शर्मा, नरेंद्र शर्मा,ज्ञानी ,सुधीर शर्मा,राजकुमार लोधी, मुनीर खान, विक्रम कुशवाह, लक्ष्मण बघेल, छोटू बैरागी, राहुल शर्मा, सुनील जैन, मोतीलाल सोनेरिया, शादाब खान, सुरेश पाल, अशोक रजक, सचिन यादव, विवेक, बली सिंह, जितेंद्र साहू, राजकुमार रघुवंशी, शिवचरण, अमन आदि मौजूद रहे।

महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शिक्षा में भारतीय ज्ञान पंरपरा को सम्मिलित करके ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। उक्त आशय के विचार महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वक्तृत्वकला विधा अंतर्गत अंर्तकक्षा महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव आयोजन के प्रथम दिवस पर व्यक्त किये।

युवा उत्सव आयोजन के प्रथम दिवस कार्यकम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज ठाकुर एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.पी. के. सुराना, डॉ. रेनू राजेश एवं डॉ. अर्चना द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रथम विधा के रूप में एकल गायन शास्त्रीय एवं सुगम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एकल गायन शास्त्रीय में दीक्षा ओझा प्रथम रहीं. एकल गायन सुगम में प्रथम स्थान निखिल सोनी ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान सुम्मी शर्मा ने प्राप्त किया, रोहित शाक्य तृतीय स्थान पर रहे। अगली विधा के रूप में एकल नृत्य शास्त्रीय का आयोजन किया गया, जिसमें पल्लवी बैरागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

एकल नृत्य के पश्चात ऑन स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय-भारतीय पर्व था, प्रतियोगिता में छवि चिडार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात प्रश्नमंच के प्रारंभिक दौर का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय की चार टीमों ने सहभागिता की। कल प्रश्नमंच के अंतिम दौर का आयोजन किया जावेगा। अगली विधा के रूप में वक्तृत्व कला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान तनिष्क जैन ने प्राप्त किया, विशाल कुशवाह द्वितीय स्थान पर रहे। द्वितीय दिवस पर महाविद्यालय में वाद-विवाद, रंगोली, पोस्टर निर्माण, समूह गान, एकांकी एवं प्रश्नमंच के अंतिम दौर का आयोजन किया जावेगा। उपरोक्त सभी प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरण किया जावेगा। अंत में युवा उत्सव संयोजक डॉ. जे.पी. अहिरवार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

किसानों ने डीएपी खाद न मिलने से सड़क पर जाम लगाया, अधिकारियों ने खूब मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले मे डीएपी खाद का स्टॉक समाप्त हो गया है।शुक्रवार को मार्कफेड की गोदाम पर खाद लेने पहुचे किसानो को सुबह की भोर से इंतजार करना पडा। जब किसानो को कहा गया कि डीएपी खाद खत्म हो गई है तब किसानो ने विरोध जताया। जिसे लेकर एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, टीआई मनीष शर्मा एवं कृषि उपसंचालक केएस केन मौके पर पहुचे और किसानो को समझाइस दी गई।

इस दौरान कृषि उप संचालक केएस केन ने बताया कि बडी संख्या मे यहा किसान पहुचे थे। वह डीएपी खाद की मांग कर रहे थे। किंतु डीएपी खाद का स्टॉक खत्म हो गया था। किंतु किसान मानने तैयार नही थे। इस दौरान किसानो ने विरोध शुरू कर दिया और सडक पर जाम लगा दिया।जिसके बाद किसानो को समझाइस दी गई।लेकिन किसान मानने तैयार नही थें। किसानो का कहना था कि डीएपी खाद गोदाम मे रखा हुआ है दिया नही जा रहा।जब किसानो को गोदाम दिखाई गई तब किसान मानने पर मजबूर हुए।

अशोकनगर शासकीय गोदाम पर डीएपी खाद का स्टॉक खत्म हो गया है। अन्य खाद जिले में प्राप्त मात्रा में उपलब्ध है।जिसमे लगभग यूरिया 13000 मैट्रिक टन, एनपीके 1850 मेट्रिक टन एवं सिंगल सुपर फास्फेट 5000 मेट्रिक टन स इस प्रकार से आज की स्थिति में कुल 19850 मैट्रिक टन खाद उपलब्ध है जिसका वितरण कलेक्टर के निर्देशानुसार राजस्व विभाग की टीम एवं कृषि विभाग की टीम के द्वारा कृषकों को सुचारू रूप से वितरण किया जा रहा है इसके साथ ही जिले की विभिन्न समितियां से भी खाद का. वितरण कराया जा रहा है । किसानों से अपील की जाती है कि वह अपनी अपनी समिति से ही उठाव कर लें और किसानो को ग़्रह सलाह दी जाती है कि डीएपी की पूर्ति एनपीके ,यूरिया एवं सिंगल सुपर फास्फेट से भी की जा सकती है जो की बड़ी आसानी से उपलब्ध हो रहा है और डीएपी से बेहतर विकल्प है इसमें सल्फर, पोटाश एवं कैल्शियम तत्वों की मात्रा अलग से मिल रही है जो कि फसलों के उत्पादन के लिए आवश्यक है।

सम्पदा 2.0 के अंतर्गत जिले में हुई पहली रजिस्ट्री

अशोकनगर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पंजीयन विभाग की नवीन तकनीक पर विकसित सॉफ्टवेयर संपदा -2.0 के ई-पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग का शुभारंभ किया गया था। संपदा 2.0 के अंतर्गत जिले के पहले दस्तावेज का पंजीयन किया गया।

ग्राम अखाईकृष्ण तहसील शाढौरा में स्थित कृषि भूमि कुल रकबा 0.418 हेक्टेयर का विक्रय पत्र पंजीकृत किया गया। दस्तावेज पंजीयन हेतु विक्रेता देवेंद्र कुमार शर्मा पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम अखाईकृष्ण एवं क्रेता प्रतिभा शर्मा पत्नी दीपक दुबे कार्यालय में उपस्थित हुए। दस्तावेज का प्रारूप सेवा प्रदाता राहुल दांगी द्वारा किया गया। दस्तावेज का पंजीयन उप पंजीयक अन्विति तिवारी द्वारा किया गया। पंजीयन पूर्ण होते ही रियल टाइम में दस्तावेज की प्रति क्रेता एवं विक्रेता के फोन पर उपलब्ध हो गई थी।

फतेहाबाद सड़क किनारे बिक रही महुआ की कच्ची शराब, लोगों के हो रहे घर बर्बाद

चंदेरी। थाना क्षेत्र के फतेहाबाद वार्ड क्रमांक 20 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में इन दोनों कच्ची शराब लाइन लगा कर सड़क किनारे बिक रही है जिसके चलते लोगों के घर बर्बाद व सेहत के साथ खिलवाड़ होता दिखाई दे रहा है। ऐसे में जहां कच्ची शराब बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई होना चाहिए लेकिन उन लोगों पर जिम्मेदारों की मेहरबानी बरसाती हुई दिखाई दे रही है। क्योंकि यह लोगों पर छोटी-मोटी कार्रवाई हो जाती है जिससे वह बेशर्म पड़ गए हैं और आए दिन सड़क किनारे सब्जी मंडी सी लगाकर कच्ची शराब की थैलिया बनाकर बेचते हैं जिससे सड़क पर अधिकतर लोग यहां वहा सडको पर दिखाई भी देते हैं जिससे हादसे की भी आशंका बनी रहती है। लेकिन यहां जिम्मेदारों का लचराना रवैया के चलते उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यदि समय रहते जिम्मेदारों के द्वारा इन लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो आगे चलकर यह शराबियों की बस्ती कहीं जाने लगेगी और हादसे होते रहेंगे।

अतिक्रमण हटाकर आवेदक को सौंपी भूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जिले में एंटी भू-माफिया अभियान के तहत जिले में निरंतर कार्यवाही जारी है। अनुविभागीय अधिकारी अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार राजपुर के आदेश के पालन में राजस्व निरीक्षक, पटवारी ग्राम द्वारा पुलिस बल सहितं ग्राम व्यानी स्थित भूमि सर्वे कमांक 124/1रकबा 2.000 हेक्टेयर पर फसल बोकर अतिक्रामक खलक सिंह पुत्र भगवान सिंह यादव, इन्द्रभान सिंह पुत्र छोगीलाल यादव, राजेश पुत्र बाबूलाल शर्मा निवासी व्यीन के द्वारा अतिक्रमण किया गया था। शुक्रवार को राजस्व दल द्वारा अतिक्रमण से मुक्त करा कर आवेदक गजराम सिंह पुत्र जसमन सिंह यादव निवासी ग्राम आमखेडा सूखा को कब्जा सौंपा गया। जिसकी अनुमानित बाजारू मूल्य लगभग तीस लाख रूपये है।

अस्थाई अतिक्रमण की भरमार है, चलना होता है दूभर

चौराहों से निकलना मुश्किल, यातायात व नपा ने 23 चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर मे यातायात की स्थिति गंभीर होती जा रही है। शहर के गाधी चौक, मिलन तिराहा, अस्पताल चौराहा और इंदिरा पार्क से यदि आपको निकलना हो तो आप नही निकल सकते। यहां अस्थाई अतिक्रमण की भरमार है। एक तो सब्जी ठेले लगे रहते है। दूसरी ओर दीपावली और करवा चौथ को लेकर लोगो ने भी दुकाने लगा रखी है। जिसे लेकर यातायात पुलिस और नगरपालिका का अमला शहर की सडको पर निकला और अस्थाई अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ कार्रवाई की गई।

इस अमले मे यातायात प्रभारी स्नेहा ठाकुर और नगरपालिका की ओर से नारायण बालू शामिल थे। इस दौरान इन सभी चैराहो पर नपा और यातायात पुलिस के अमले ने सडक सुरक्षा को लेकर 23 लोगो के चालान काटे जिसमे नपा की ओर से 8 और यातायात पुलिस की ओर से 15 के चालान काटे गए है। इस दौरान जिन दुकानों के बाहर सामान पसरा मिला उन पर चालान बनाया, कुछ सामान भी जप्त किया।शहर के मुख्य बाजार में शुक्रवार को यातायात व नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने की संयुक्त कार्यवाही की। इस दौरान कई दुकानों का सामान बाहर फैला हुआ मिला। टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकानों के बाहर पड़े सामान को जप्त भी किया। इस दौरान कई जगहों पर दुकानदारों से बहस बाजी भी हुई। साथ ही कुछ लोगों को हिदायत दी गई कि वह अपनी दुकानों के बाहर सामान न रखें।

अतिक्रमण हटाने की शुरुआत गांधी पार्क से इंदिरा पार्क रोड पर की गई। इसके बाद गांधी पार्क, रेलवे फाटक के आसपास, अस्पताल चैराहा एवं गुरुद्वारे के सामने कार्यवाही की गई। सड़कों पर रखे 15 से अधिक दो पहिया वाहनों के भी चालान बनाये गये। कार्यवाही के बाद भी नगर पालिका एवं यातायात के कुछ कर्मचारियों को तैनात किया है वह लगातार भ्रमण कर रहे हैं।

हर त्योहार पर गांधी चौक पर सज जाती है सैकड़ों दुकानें

शहर मे त्यौहारी दुकानो को लगाने के लिए कोई स्थान तय नही है। जिसके कारण त्यौहार पर दुकान लगाने वाले लोग गाधी चैक को चारो ओर से घेर लेते है। जिसके कारण लोगो का निकलना मुश्किल हो जाता है। चाहे दीपावली हो, करवाचैथ,गणेश चतुर्थी ,नवरात्रि मकर संक्राति आदि पर यहा मेला लगा रहता है। इन सब दुकानदारो के लिए अलग से इंतजाम होने चाहिए ताकि लोगो को निकलने मे परेशानी न हो।

वार्ड क्रमांक 8 साईं सिटी कॉलोनी में बनेगी सीसी सड़क एवं नाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका अध्यक्ष और वार्ड पार्षदों के साथ शहर की बस्तियों में नागरिक सुविधाएं बढाने और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शहर के वार्डो में मार्गो के पक्के निर्माण सहित अन्य जरूरी कार्यों को पूरा कराने लाखो रुपए के बजट में सभी 22, वार्डो में गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य गति शील हैं ।

शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने पार्षदो के साथ 20 लाख के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। वार्ड क्रमांक 08 साईं सिटी कॉलोनी मे विभिन्न गलियों मे सी सी सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य किया जाना हैं। इस अवसर पर वार्ड वासियों में ख़ुशी का माहौल देखा गया साथ है सभी ने पर अध्यक्ष एवं पार्षदो का माल्यार्पण कर ख़ुशी जाहिर की।

इस स्वर्णिम अवसर पर नपाअध्यक्ष नीरज मानोरिया, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद गीता आर्य, पार्षद विपिन शिवहरे, पार्षद धर्मेंद्र रघुवंशी (सावन), पार्षद धर्मेंद्र रघुवंशी (खेजरा), पार्षद प्रतिनिधि मनीष धुरेंटे, पार्षद प्रतिनिधि योगेश खेरा, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल ओझा, सहित वार्ड वासी उपस्थित रहें।